कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)
Email : pgcollegekarauli@gmail.com
Phone - 07464-250023

दिनांक 15.12.2020

प्रेस समाचार

राजकीय महाविद्यालय, करौली में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में आज दिनांक 15.12.2020 को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगित में प्रथम स्थान पर छात्र मनकेश मीना व द्वितीय स्थान पर छात्रा मनीषा मीना एवं तृतीय स्थान पर अजय प्रजापति रहे। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र रोनक बंसल प्रथम, दिलकुश मीना द्वितीय तथा अर्पित जंगम तृतीय स्थान पर रहे।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर मीना ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि जो छात्र–छात्राऐं 01 जनवरी 2020 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे यदि मतदाता के रूप में मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं तो ऐसे छात्र–छात्राऐं www.nvsa.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। सत्र 2020–21 में प्रवेश लेने के लिऐ आनलाइन सम्बन्धित पोर्टल के साथ www.nvsa.in लिंक भी महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

प्रतियोगिता के दौरान ईएलसी के प्रभारी डॉ. हीरालाल मीना, डॉ. गोविन्द सहाय मीना, प्रो. गोरेलाल मीना, प्रो. प्रीतम सिंह मीना, प्रो. दिनेश चन्द्र मीना तथा एनएसएस प्रभारी श्री विश्राम सिंह मीना, डॉ. भूपेन्द्र कुमार वर्मा एवं श्री रोहिताश्व सिंह उपस्थित रहे।

प्रतिलिपिः–

1. संवाददाता, राजस्थान पत्रिका, करौली।
2. संवाददाता, दैनिक भास्कर, करौली।
3. संवाददाता, नवज्योति, करौली।
4. संवाददाता, राष्ट्रदूत, करौली।

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

Scanned with CamScanner